रजिस्ट्री सं० डी०-(डी०)—73

REGISTERED NO. D-(D)—73

CENTRAL SECRETARIAT
No.
Date
GOVT. OF INDIA

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 17] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 28, 1979 (वैशाख 8, 1901)
No. 17] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 28, 1979 (VAISHAKA 8, 1901)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a Separate Compilation.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	319
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	529
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	25
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	357
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खण्ड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें	—
भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	1135
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	1109
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	133
भाग III—खण्ड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च मंत्रालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	3185
भाग III—खण्ड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	223
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	33
भाग III—खण्ड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल है	1235
भाग IV—गैर सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस	53

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notification relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	319
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	529
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	25
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	357
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations.	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1135
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1109
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	133
PART III—SECTION 1.—Notification issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	3185
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	223
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	33
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1235
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	53

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1979

सं० 15-प्रेज/79—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियो को उत्कृष्ट वीरता के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते है :—

कुमारी बीना पुत्री श्री योगेश्वर दयाल,
ग्राम : असौढ़ा, थाना : हापुड़
जिला : गाजियाबाद,
उत्तर प्रदेश।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 27 जुलाई 1976)

27/28 जुलाई, 1976 की रात्रि को कुछ शस्त्र डाकुओ ने गाजियाबाद जिले मे असौदा गाव के श्री हरीदत्त पुत्र श्री भद्रदत्त के घर मे घुसने की कोशिश की। शोर-गुल सुनकर पड़ौसी जाग गए और श्री हरीदत्त के घर के बाहर एकत्रित होने लगे। पकड़े जाने के भय से वहां से बच निकलने के लिए दो डाकू श्री योगेश्वर दयाल के घर में कूद पड़े जो उस समय अपने आगन मे सो रहे थे, डाकुओ के आ जाने से जाग उठे और उन्होने उनमे से एक को पकड़ने की कोशिश की। डाकू ने देसी पिस्तौल से उन पर गोली चलाई, जिससे वे जख्मी हो गए। श्री योगेश्वर दयाल को घायल हुआ देख कर उनकी चौदह वर्षीय पुत्री कुमारी बीना ने एक मुसल उठाया और उससे दोनों डाकुओ पर प्रहार करना शुरू किया और उन्हे मार-मार कर जमीन पर गिरा दिया। उनमे से एक डाकू घटनास्थल पर ही मर गया और दूसरा घायल अवस्था में पड़ोसियों की सहायता से जीवित पकड़ लिया गया। डाकुओ से कुछ अवैध हथियार भी प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही मे कुमारी बीना ने अदम्य साहस, दक्षता और असाधारण सूझ-बूझ का परिचय दिया।

2. श्री नाथन सिंह, (मरणोपरान्त)
ग्राम : बैधई, जिला : गुना,
मध्य प्रदेश।

(परस्कार की प्रभावी तिथि 29 अप्रैल 1977)

29 अप्रैल, 1977 की रात्रि को एक .12 बोर की बन्दूक, लाठियों और दरातियों से लैस दस डाकू ग्राम बैधई के श्री बदाम सिंह पुत्र श्री खुमान सिंह नन्दवंशी के घर में घुस गए, और उन्होने घर मे रहने वालों को पीटना और उनका माल असबाब लूटना शुरू कर दिया। श्री नाथन सिंह पुत्र श्री रामलाल यादव जो निकट ही रहते थे, चीख-पुकार सुन कर और गोली की आवाज सुनते ही लाठी उठा कर श्री बदाम सिंह के घर की ओर भागे। रास्ते में उन्होने दूसरे पड़ोसी श्री दलीप सिंह को जगाया और उसे उक्त घटना के बारे मे बताया। जब वे श्री बदाम सिंह के घर पर पहुचे तो डाकू भबूत सिंह से उनकी मुठभेड हो गई। डाकू भबूत सिंह ने अपनी बन्दूक से श्री नाथन सिंह पर गोली चलाई, किन्तु निशाना चूक गया। श्री नाथन सिंह ने डाकू पर लाठी से प्रहार किया जिसके परिणामस्वरूप डाकू अपनी बन्दूक न चला सका। श्री दलीप सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्होने अपनी लाठी से उस डाकू पर प्रहार किया, जो डाकू भबूत सिंह की सहायता के लिए आया हुआ था। खतरे का आदेश होने पर डाकू भाग निकले किन्तु श्री नाथन सिंह ने उनका पीछा किया। कुछ दूरी के बाद डाकू भबूत सिंह गिर पड़ा और श्री नाथन सिंह उस पर टूट पड़े। इस हाथापायी मे डाकू को जैसे ही मौका मिला, उसने अपनी बन्दूक से गोली दाग दी जिससे श्री नाथन सिंह की घटनास्थल पर ही तत्काल मृत्यु हो गई। डाकू भबूत सिंह को भी गंभीर चोटें आईं जिनके कारण उसकी भी वहीं पर मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में श्री नाथन सिंह ने उच्च कोटि के अदम्य साहस और दृढ़ता का परिचय दिया।

3. 7998461 नायक प्रताप सिंह, (मरणोपरान्त)
इंटैलिजेंस कोर०

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 10 जून 1977)

10 जून, 1977 को नायक प्रताप सिंह को विरोधी मिजोरम के दरलोवहन गाव की एक चाय की दुकान से अपहरण करके पास के जंगल मे ले गए। वहां इनको निर्ममता से मारा पीटा गया लेकिन इन्होंने अपनी सेना के बारे में कोई सूचना नही दी। उत्पीड़न से अविचलित और अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए इन्होने अपनी मुक्ति के प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया क्योकि इसमे उनको प्रलोभन देकर इनका सहयोग प्राप्त करने का प्रयत्न किया गया था। इसके बाद विरोधियो ने इनकी गर्दन में रस्सी बांध दी और लगभग तीन किलोमीटर तक उन्हें घसीटते हुए ले गए

जब इन्होंने बच निकलने का प्रयत्न किया तो उन लोगों ने इन के सिर पर कुन्दे से प्रहार किया और इसके बाद इनके सिर में बांस की नुकीली खूंटी गाड़ दी।

इस कार्यवाही में नायक प्रताप सिंह ने अदम्य साहस, दृढ़-निश्चय और उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

4. श्री कयूम खान, ड्राइवर (मरणोपरान्त)
मध्य प्रदेश सड़क परिवहन निगम

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 23 अगस्त 1977)

50 वर्षीय श्री कयूम खान 1974 से मध्य प्रदेश सड़क परिवहन निगम के नागपुर डिपो में ड्राइवर के पद पर नियुक्त थे। 22 अगस्त, 1977 की रात्रि को उन्हें नागपुर इलाहाबाद रात्रि एक्सप्रैस बस को चलाने की ड्यूटी पर लगाया गया था। वे नागपुर डिपो से निर्धारित समय पर रात्रि के 10 बजे लगभग 50 यात्रियों को लेकर चले। 23 अगस्त, 1977 को बस रात 01.10 बजे सेवनी पहुंची। जबलपुर की ओर चलते हुए बन्दोल पुलिस स्टेशन के पास बस का टायर फट गया जिसकी वजह से बस एक घंटे लेट हो गई।

लगभग 4.30 बजे प्रातः जब बस घुमा पुलिस स्टेशन से दक्षिण की ओर तीन किलोमीटर की दूरी पर मोहगांव के समीप पहुंची तो एक यात्री जो बाद में पहचानने पर सहजाद डाकू निकला, ने अपनी पिस्तौल निकाली तथा ड्राइवर से बस को रोकने को कहा और ऐसा न करने पर भयानक परिणाम होने की धमकी दी। ड्राइवर पर जब इस धमकी का कोई असर नहीं हुआ तो सहजाद ने उसके बाएं कुल्हे पर गोली मार दी। यद्यपि ड्राइवर कयूम खान घायल हो गए थे परन्तु वे इस बस में बैठे यात्रियों की जान-माल के तत्काल खतरे के प्रति सतर्क हो कर अपने दाहिने हाथ से बस स्टयरिंग को संभाले हुए तथा बाएं हाथ से डाकू का सामना करते हुए बस को चलाते ही रहे। डाकू ने ड्राइवर के माथे पर एक और गोली चला दी। यह गोली प्राणघातक सिद्ध हुई और वे वहीं ढेर हो गए जिससे बस एक पेड़ से धीरे से टकराकर रुक गई। इसके बाद सहजाद के अन्य पांच साथी भी खड़े हो गए और उन्होंने दो यात्रियों से क्रमशः 56,000/- रु० और 50,000/- रु० छीन लिए। एक यात्री श्री किशन लाल को घायल कर दिया और फिर समीप के जंगल में भाग गए।

जिला पुलिस ने जंगल की छान-बीन करके इन डाकूओं को उसी दिन पकड़ लिया तथा लूट का माल लगभग सारा माल तथा दो देसी पिस्तौले भी बरामद कर ली।

इस कार्यवाही में श्री कयूम खान ने अदम्य साहस, दृढ़निश्चय और उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

5 जे० सी० 46163 सूबेदार बख्तावर सिंह,
पंजाब रेजिमेंट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 30 नवम्बर 1977)

30 नवम्बर, 1977 को सूबेदार बख्तावर सिंह एक फायरिंग बे के० जे० सी० ओ० इंचार्ज थे जहां से इनकी यूनिट के कार्मिक चान्दमारी के दौरान राइफल ग्रेनेड छोड़ रहे थे। अपराह्न लगभग 3.15 बजे एक कार्मिक ने एक राइफल ग्रेनेड छोड़ा कुछ खराबी के कारण ट्यूब और ग्रेनेड लांचर कप में ही रह गए लेकिन सेफ्टी लीवर और प्राइमिंग रिंग उड़ गए और ग्रेनेड ने आग पकड़ ली। फायर नियंत्रक अफसर ने आदेश दिया कि ग्रेनेड सहित राइफल को फायरिंग बे से बाहर दूर फैंक दिया जाए। फायर करने वाले ने राइफल को फैंक तो दिया लेकिन यह फायरिंग बे से लगभग एक मीटर दूर जाकर गिरी। चूंकि ग्रेनेड सहित रायफल दूर सुरक्षित जगह पर नहीं गिरी थी अतः सूबेदार बख्तावर सिंह ने फायरिंग बे से बाहर कूदकर राइफल को उठाया और रेंज में मौजूद अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए उसे थोड़ा और आगे फेंका। परन्तु अभी वे आड़ ले ही रहे थे कि ग्रेनेड बीच में ही फट गया। ग्रेनेड से निकले टुकड़ों से वे घायल हो गए और उन्हें गंभीर चोटें पहुंची जिसके कारण थोड़ी ही देर के बाद उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्रवाई में सूबेदार बख्तावर सिंह ने अदम्य साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

6. ग्रुप कैप्टन डेजिल कीलर, वीर चक्र (4805)
फ्लाइंग (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 27 मार्च 1978)

27 मार्च, 1978 को ग्रुप कैप्टन डैजिल कीलर जब बहुत ऊंचाई पर एक लड़ाकू विमान उड़ा रहे थे तो विमान की कैनोपी उड़ गई और इससे भीषण वेग से चल रही हवा के झोंकों के थपेड़े उन्हें लगने लगे। इनकी आंखों, कान के पर्दों और बाएं हाथ में चोट आई और विमान पर काबू पाने में इन्हें बहुत कठिनाई होने लगी। यद्यपि इन परिस्थितियों में विमान छोड़ देना ही ठीक रहता परन्तु इन्होंने विमान को किसी तरह बचाने का फैसला किया। इन प्रतिकूल परिस्थितियों में जब कि हवा के झोंकों के कारण आगे ठीक प्रकार से दिखाई भी नहीं दे रहा था और वह भी एक आंख से, ये विमान को अड्डे पर वापस ले आए और विमान को सकुशल नीचे उतारा।

दूसरी बार 17 मई, 1978 को, विमान से विमान पर हमला करने के अभ्यास के दौरान तोप की नाल से निकलते ही एक 23 मि० मी० बम फट गया। और बम के किरच से विमान को भी क्षति पहुंची। विमान के विद्युत यंत्रों ने काम करना बन्द कर दिया और विमान का थ्रोटल भी खराब हो गया था। उसकी कोन पूरी तरह से आगे बढ़ गई थी और सहायक इंजन की आवाज और उसके आगे बढ़ने के ढंग से यह साफ लग रहा था कि इंजन का बियरिंग खराब हो गया है। विद्युत यंत्र और रेडियो टेलीफोन काम न करने के कारण ग्रुप कैप्टन कीलर को न तो यह पता

चल सकता था कि क्या खराबी है और न ये कोई सहायता ही मांग सकते थे। यह मानते हुए कि इंजन बियरिंग फेल हो गया है, इन्होंने विमान को सकुशल वापस लाने का फैसला किया। अपनी उड़ान-कुशलता तथा अनुभव से, ये हवाई अड्डे पर वापस लौट आए और फ्लेम-आउट प्रणाली का प्रयोग करते हुए सकुशल भूमि पर उतर आए। थ्रोटल प्रति मिन्ट 60 प्रतिशत परिक्रमण पर अटका हुआ था, इसके बावजूद भी ये विमान को, बिना नुकसान, रोकने में सफल हुए।

इस प्रकार, ग्रुप कैप्टन डेंजिल कीलर ने अदम्य साहस, अनुकरणीय व्यावसयिक कुशलता और असाधारण कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

7. जी०/32874 सब ओवरसियर राम दुलारे लाल जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स (ग्रेफ) (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 14 सितम्बर 1978)

13 सितम्बर, 1978 को 376 सड़क मरम्मत प्लाटून के सब ओवरसियर राम दुलारे लाल को पहाड़ी सड़क के एक भाग में भूस्खलन के कारण पड़े मलबे को हटाने के कार्य की देखभाल करने के लिए तैनात किया गया। वर्षा के दौरान भूस्खलन स्थल पर काफी ऊंचाई से लगातार पत्थर गिरते रहने के कारण वह जगह काफी खतरनाक मानी गई। जब यातायात के लिए यह सड़क खोली गई थी तभी से उस जगह पर निरन्तर भूस्खलन होता रहा।

उस मलबे को साफ करने के लिए दो डोज़र लगाए गए ताकि सड़क यातायात के लिए फिर से खुल सके। सांय 6 बजे के करीब एक डोज़र के बाएं ट्रेक की जंजीर इडलर और पहिए के दांतों से निकल कर मलबे में फंस जाने से काम करना बंद कर दिया था और ऊपर से लगातार गिरते हुए भारी पत्थरों से डोज़र के टूट जाने अथवा उसके नीचे घाटी में गिर जाने की संभावना थी। यह देख कर श्री राम दुलारे ने, अपनी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह किए बगैर सड़क को साफ करने और डोज़र को ठीक करने की व्यवस्था की। वे और उनकी कमान में काम कर रहे सारे आदमी रात भर काम करते रहे।

14 सितम्बर, 1978 की सुबह को, जब काम जारी था, अचानक पहाड़ की चोटी से पत्थर गिरने शुरु हो गए। उन्होंने शीघ्र ही सबको वहां से भाग जाने के लिए कहा परन्तु इतने में ऊपर से एक पत्थर उनकी कनपटी पर लगा और उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में सब ओवरसियर राम दुलारे लाल ने अदम्य साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

सं० 16-प्रेज/79:—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को वीरता के लिये "शौर्य चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. 210729 वारंट अफसर एकम्बरम रमण, रडार फिटर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—29 अप्रैल, 1977)

28/29 अप्रैल की रात को तकनीकी एरिया गेट पर तैनात रक्षा सुरक्षा कोर का एक संतरी अपनी ड्यूटी छोड़कर अपनी राइफल सहित भाग खड़ा हुआ और रक्षा सुरक्षा कोर की बैरक में सुरक्षा कोर के दो कार्मिकों को गोली से उड़ाकर ताला बंद गेट के निकट सुरक्षा के लिए की गई तारों की दोहरी घेराबन्दी में जा बैठा। उसे पकड़ने के सभी प्रयास असफल रहे। वह राइफल तानकर गेट के निकट खड़ा हो गया और धमकी दी कि जो भी उसके पास आएगा उसे गोली से उड़ा देगा। इस प्रकार तकनीकी एरिया में कोई प्रवेश नहीं कर सकता था। जब उसे पकड़ने के सभी प्रयास असफल हो गए तो कमांडिंग अफसर ने वारंट अफसर एकम्बरम रमण, अर्दली अफसर को स्थिति से अवगत कराया और उसने सशस्त्र वायु सैनिकों और रक्षा सुरक्षा कोर के जवानों को लेकर उस हत्यारे को चारों ओर से घेर लिया। वारंट अफसर रमण एक सैनिक रिवाल्वर लेकर तारों की घेराबन्दी पार कर तकनीकी एरिया के अन्दर गये और दबे पांव जाकर अपराधी को पीछे से दबोच लिया। अपने जीवन को खतरे में डालकर और बुद्धी-चातुर्य से इन्होंने रक्षा सुरक्षा कोर के उस संतरी को निशस्त्र कर दिया और आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया।

इस प्रकार वारंट अफसर एकम्बरम रमण ने अदम्य साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

2. 181558 राइफलमैन तसुक गुसार, असम राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 25 जून, 1977)

राइफलमैन तसुक गुसार 25 जून, 1977 को विरोधियों का पीछा कर रहे एक असम राइफल टुकड़ी के अग्रिम स्काउट थे। इन पर विरोधियों ने दो बार गोली चलाई जिसके बाद प्लाटून कमांडर इन्हें वापस भेजना चाहते थे परन्तु वे इस खतरे की परवाह न करते हुए कंपनी कमांडर से आज्ञा लेकर टुकड़ी का निरन्तर नेतृत्व करते रहे। जब यह सैन्य टुकड़ी विरोधियों का पीछा कर रही थी तो अचानक विरोधियों ने इस टुकड़ी पर घात लगाई। राइफलमैन गुसार अपनी ओर गोली चलाने वाले विरोधी की तरफ तत्काल मुड़े और उस पर भीषण प्रहार किया। हाथापाई में इन्होंने विरोधी को उसकी कारबाइन मशीन तथा गोला-बारूद सहित पकड़ लिया। उस विरोधी की सूचना पर दो और विरोधियों को, जंगल में उनके छिपने के गुप्त स्थानों से पकड़ा गया और कुल मैगजीन तथा गोलाबारूद सहित एक और कारबाइन मशीन तथा एक राइफल प्राप्त हुई।

इस सारी कार्रवाई में राइफलमैन तसुक गुमार ने अनुकरणीय साहस, सूझ-बूझ, पहल-शक्ति और असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

3. 6272917 कंपनी हवलदार मेजर थिमैया परडंडा जोयप्पा,
सिगनल

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 31 जुलाई, 1977)

कंपनी हवलदार मेजर थिमैया परडंडा जोयप्पा जुलाई, 1977 में श्रीनगर और लेह के बीच नियंत्रण लाइन पर निगरानी रखने वाली एक लाइन डिटैचमेन्ट के इंचार्ज थे । उस क्षेत्र में इससे पहले कई बार तार की स्थायी लाइनों से तांबे के तारों की चोरी हो चुकी थी और चोर पकड़ में नहीं आ रहे थे ।

कंपनी हवलदार मेजर जोयप्पा ने देखा कि ये चोरियां एक ही निश्चित तरीके से की जाती है । इन्हें शक हुआ कि यह काम किसी ऐसे पुराने गिरोह का है जो इस क्षेत्र से भली भांति परिचित है । केवल स्थायी लाइनों से ही जो अक्सर प्रयोग में न आती थी तार चुराए जा रहे थे । 31 जुलाई, 1977 की रात 11 बजे जब ये नियंत्रण लाइन पर गश्त लगा रहे थे तो इन्होंने देखा कि एक आदमी सेना ट्रंक लाईन से चुराई गई तांबे की तार लेकर भागने की कोशिश कर रहा है । इन्होंने तुरन्त अपनी गाड़ी रोकी और चोर के पीछे भागे । इन्हें देखकर चोर अपने साथियों की ओर भागा । काफी देर तक पीछा करने के बाद इन्होंने चोर को पकड़ लिया । भाग निकलने की कोशिश में अपराधियों ने सी एच एम जोयप्पा को चारों ओर से घेर लिया और उन्हें मारने की कोशिश की । इसी समय गश्त कर रहे दो और सिपाही भी घटनास्थल पर पहुंच गए । इस बीच वहां विरोधियों की काफी भीड़ लग गई थी, जो अपराधियों की मदद कर रही थी । सी एच एम जोयप्पा ने अपना धैर्य नहीं खोया और अपने जवानों को प्रोत्साहित किया कि वे चोरों को पकड़ लें । इन्होंने स्वयं भी एक चोर को पकड़ लिया । ऐसा करते समय उनकी गर्दन पर चाकू से घाव भी लग गए । बाद में इन संदिग्ध अपराधियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

इस कार्रवाई में कंपनी हवलदार मेजर थिमैया परडंडा जोयप्पा ने अदम्य साहस, दृढ़-निश्चय और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

4. फ्लाइट लेफ्टिनैंट पुथालथ कैंडी रवीन्द्रन (12821),
वमानिक अभियंता (यांत्रिक)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 4 नवम्बर, 1977)

प्रधान मंत्री तथा कुछ अन्य विशिष्ट व्यक्तियों को 4 नवम्बर, 1977 को टी० यू०—124 विमान से दिल्ली से जोरहाट जाना था, फ्लाइट लेफ्टिनैंट पुथालथ कैंडी रवीन्द्रन, प्रशिक्षणाधीन फ्लाइट इंजीनियर के रूप में इस विमान में तैनात थे । विमान जब हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश कर रहा था तो उसमें बहुत बड़ी खराबी आ गई और विमान जोरहाट हवाई अड्डे से लगभग 6 किलोमीटर दूर जाकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया ।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट रवीन्द्रन यात्री कक्ष के पिछले भाग में बैठे थे । इन्होंने तत्काल सारी स्थिति को समझ कर विशिष्ट व्यक्तियों तथा अन्य यात्रियों को बड़ी कुशलता से बाहर निकालने की व्यवस्था की और उन्हें विमान से दूर सुरक्षित स्थान पर ले गए । क्योंकि विमान के स्टारबोर्ड इंजन के चारों तरफ आग लगी हुई थी । स्वयं बुरी तरह से जख्मी होने पर भी ये तेजी से पैदल चलकर जोरहाट वायुसेना स्टेशन पहुंचे ताकि यात्रियों को तत्काल आवश्यक डाक्टरी सहायता मिल सके और साथ ही बचाव कार्य किया जा सके । इनके इस प्रयास के फलस्वरूप ही स्टेशन प्राधिकारियों को दुर्घटना स्थल पर यथाशीघ्र डाक्टरी सहायता पहुंचाना संभव हो सका ।

इस कार्रवाई में फ्लाइट लैफ्टिनेंट पुथालथ कैंडी रवीन्द्रन ने साहस, पहल शक्ति तथा उच्च-कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

5. 232550 कार्पोरल केशव नाथ उपाध्याय,
एयरफ्रेम फिटर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 4 नवम्बर, 1977)

कार्पोरल केशव नाथ उपाध्याय जब वायुसेना मुख्यालय के संचार स्क्वाड्रन में काम कर रहे थे तो इन्हें 4 नवम्बर, 1977 को टी० यू० 124 विमान जो प्रधान मंत्री तथा अन्य विशिष्ट व्यक्तियों को दिल्ली से जोरहाट ले जा रहा था, में ग्राउंड क्रू के रूप में तैनात किया गया । उतरने की कोशिश करते समय विमान जोरहाट हवाई अड्डे से लगभग छः किलोमीटर दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें सभी वायुकर्मी मारे गए ।

कार्पोरल उपाध्याय दुर्घटना में घायल हो गए थे परन्तु इस भारी विपत्ति के समय जबकि रात का घुप अंधेरा छाया हुआ था, इन्होंने उत्कृष्ट पहल-शक्ति और असाधारण सूझ-बूझ का परिचय दिया । इन्होंने यात्रियों को आश्वस्त किया और शीघ्र ही विमान का पिछला दरवाजा खोलकर उन्हें शीघ्र ही दुर्घटना ग्रस्त विमान से बाहर निकलने में सहायता की और अन्य व्यक्तियों के साथ उन्होंने प्रधान मंत्री तथा अन्य यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया । अपने घावों की परवाह किए बिना वे फिर विमान के पास गए और उसमें से गम्भीर रूप से घायल यात्रियों को सहारा देकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया । जब इन्हें विश्वास हो गया कि सभी यात्री सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए है तो ये वापस विमान के पास आए और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर वायुकर्मी दल के सदस्यों को खोजने लगे । इन्होंने लाशों को खोजने तथा उन्हें मलबे से निकालने में सहायता की । इसके बाद वे फ्लाइट लेफ्टिनेंट रवीन्द्रन के साथ पैदल एयर फोर्स स्टेशन, जोरहाट गए और वापसी में बचाव दल का दुर्घटना स्थल पर पहुंचने में मार्गदर्शन किया ।

इस प्रकार कार्पोरल केशव नाथ उपाध्याय ने घायल होने के बावजूद भी अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना भारतीय वायुसेना की परम्परा के अनुकूल अनुकरणीय साहस, सूझ-बूझ और असाधारण कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

6. लेफ्टिनेंट कमांडर पार्था विक्रम चौधरी (00575 एफ)
भारतीय नौसेना ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 23 नवम्बर, 1977)

लैफ्टिनेंट कमांडर पार्था विक्रम चौधरी को भारतीय नौसेना में जुलाई, 1965 में कमीशन दिया गया । नवम्बर, 1977 में, जब ये 321 नौसेना वायु स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमांडर थे तो इन्हें आंध्र प्रदेश में, अनकापल्ली और येल्लामंचल्ली तालुकों में जहां चक्रवात तथा भयंकर तूफान के कारण तबाही हो गई थी, बाढ़ राहत कार्य सौंपा गया – इन्होंने 21 और 23 नवम्बर 1977 के बीच सुबह से शाम तक अपने हैलीकाप्टर में कई उड़ाने भरी और लगभग 50 गांवों में बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते हुए वहां से लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने और बाढ़ से घिरे लोगों के लिए हैलीकाप्टर से रसद आदि गिराने का काम किया । इन उड़ानों के दौरान इन्होंने नारियल और ताड़ के लम्बे वृक्षों की ओट में छिपे तेज विद्युतधारा वाले केबलों से घिरे चारों ओर फैले भवनों और झोंपड़ियों में असहाय ग्रामीणों को सहायता पहुचाने के लिए अपने हैलीकाप्टर को बड़ी कुशलता से चलाया । इन उड़ानों के दौरान एक बार इन्होंने बारह ग्रामीणों को, जिनमें एक 70 वर्षीय बूढ़ी महिला भी थी सारदा नदी के एक किनारे पर जो बाढ़ के कारण तेजी से कटता जा रहा था असहाय स्थिति में घिरा हुआ देखा । और उन ग्रामीणों के बह जाने का खतरा था । लेफ्टिनेंट कमांडर चौधरी ने अपनी सुरक्षा की बिलकुल परवाह न करते हुए बड़ी फुरती और सही सलामती के साथ उन 12 असहाय ग्रामीणों को बचा लिया ।

इस प्रकार लैफ्टिनेंट पार्था विक्रम चौधरी ने साहस, दृढ़ता और असाधारण कोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया

7. श्री श्रीपत, सुपुत्र श्री कुंवर राज लोधी

8. श्री काशीराम, सुपुत्र श्रीकुंवर राज लोधी

9 श्री हर भजन, सुपुत्र श्री मसालती लोधी

10. श्री किशन लाल, सुपुत्र श्री कुंवर राज लोधी

11. श्री हरि लाल, सुपुत्र श्री जगन्नाथ लोधी

12. श्री हक्कू, सुपुत्र श्री जगन्नाथ लोधी

13. श्री भय्या लाल, सुपुत्र श्री अजुधी लोधी

14. श्रीमती बैदे पत्नी श्री ब्रजलाल लोधी
गांव · प्राणपुरा, पुलिस स्टेशन · दिनार,
जिला · शिवपुरी,
मध्य प्रदेश ।

(पुरस्कारों की प्रभावी तिथि 8 दिसम्बर, 1977)

7 और 8 दिसम्बर, 1977 की रात राजेन्द्र सिंह नामक एक कुख्यात डाकू, अपने गिरोह के नौ और डाकुओं के साथ गांव प्राणपुरा, पुलिस स्टेशन दिनार, जिला शिवपुरी (मध्य प्रदेश) में श्री हर भजन लोधी के मकान में घुसा । डाकुओं ने परिवार के लोगों को पीटा और औरतों के गहने उतारने शुरु कर दिए जिससे वे चीखने-चिल्लाने लगी । औरतों की चीख पुकार सुनकर सर्वश्री श्रीपत और उनके भाई काशीराम घटनास्थल पर पहुंचे । गांव के दूसरे लोग भी लाठी और कुल्हाड़िया लेकर वहा जमा हो गये और डाकुओं का मुकाबला करने लगे । डाकुओं ने क्रुद्ध होकर गोलियां चलानी शुरु कर दी । जिसके परिणामस्वरूप सर्वश्री श्रीपत व काशीराम बुरी तरह घायल हो गए । घायल होने के बावजूद भी इन्होंने हिम्मत नही हारी। इन्होंने डाकुओं के नेता राजेन्द्र सिंह और उसके भाई रतन सिंह को पकड़कर जमीन पर पटक दिया। गांव के अन्य लोग सर्वश्री हर भजन किशनलाल, हरि लाल, हक्कू, भय्या लाल और श्रीमती बैदे जिन्हें डाकुओं ने घायल कर दिया था, दौड़कर आए और लाठियों, पत्थर आदि मार कर दोनों डाकुओं को जान से मार दिया । इस मुठभेड में एक और डाकु बुरी तरह घायल हुआ । उन्होंने भागने वाले डाकुओं से एक भरने वाली बंदूक तथा अन्य हथियार भी छीन लिए ।

इस कार्रवाई में सर्वश्री श्रीपत, काशीराम, हर भजन, किशन लाल, हरि लाल, हक्कू और भय्या लाल और श्रीमती बैदे ने अनुकरणीय साहस और उच्चकोटि की दृढ़ता का परिचय दिया ।

15. लैफ्टिनेंट प्रकाश दत्तात्रेय उपोनी (01152 टी),
भारतीय नौसेना

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 7 जनवरी, 1978)

लैफ्टिनेंट प्रकाश दत्तात्रेय उपोनी को 13 जुलाई, 1970 को भारतीय नौसेना में कमीशन दिया गया था । अक्तूबर, 1974 में इन्होंने सफाई गोताखोर (क्लिअरन्स डाईवर) की अर्हता प्राप्त की । 1 जनवरी, 1978 को एयर इंडिया का एक बोइंग 747 विमान बम्बई के पास समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था । विमान को खोजने तथा समुद्र से निकालने के लिए पश्चिमी नौसेना कमान की सहायता मांगी गई । विमान की खोज के लिए गोताखोरों ने तीन सप्ताह तक भरसक प्रयास किया । इस गोताखोरी अभियान में लैफ्टिनेंट उपोनी शुरु से ही शामिल थे । समुद्र के अन्दर बहुत कम दिखाई देने और तूफान उठने के कारण गोताखोरी का काम बहुत ही कठिन तथा खतरनाक था । तेज लहरों और शार्क मछलियों के होने की संभावनाओं के कारण गोताखोरी का काम और भी अधिक खतरनाक बन गया था ।

इमरजेंसी और ध्वनि श्रवण यंत्र लगाकर लैफ्टिनेंट उपोनी स्वेच्छा से बार-बार गोते लगाते रहे । इन यंत्रों का इन्होंने पहले कभी प्रयोग नही किया था। इन्होंने पानी के अन्दर दुर्घटनाग्रस्त जहाज के इंच-इंच मलबे को टटोला । इस प्रक्रिया में मलबे के दांतेदार किनारों से उनके हाथ, पांव और शरीर में कई जगह गहरी खरोंचें आई । सुरक्षा नाव से बंधी उनकी रस्सी भी मलबे में फंसने से कट गई थी । इसके बावजूद अपनी जान की परवाह न करते हुए इन्होंने पानी के अन्दर खोज जारी रखी और अंत में डिजिटल फ्लाइट रिकार्डर को ढूंढ निकाला और सुरक्षा बोट से 10 मीटर की दूरी पर उसे पानी के बाहर ले आए ।

लैफ्टिनेंट प्रकाश दत्तात्रेय उप्पोनी ने इस कार्य में बहुत साहस, व्यावसायिक कुशलता तथा उच्चकोटि के दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

16. श्री अनन्दा सोपान सावन्त, सीमैन प्रथम श्रेणी (क्लियरेंस ड्राइवर-III) संख्या 95957, भारतीय नौसेना

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 25 जनवरी, 1978)

सीमैन अनन्दा सोपान सावन्त 26 जनवरी, 1969 को भारतीय नौसेना में भरती हुए । 16 फरवरी, 1977 को इन्होंने क्लियरेंस ड्राइवर के रूप में अर्हता प्राप्त की। 1 जनवरी, 1978 को एयर इंडिया का एक बोइंग 747 विमान बम्बई के पास समुद्र में गिर गया था। समुद्र में इस विमान का पता लगाने और उसका मलवा बाहर निकालने के लिए पश्चिम नौसेना कमान की सहायता मांगी गई । गोताखोरों ने अगले तीन सप्ताह तक विमान के डिजिटल फ्लाइट रिकार्डर और काकपिट वाइस रिकार्डर को खोजने का भरसक प्रयास किया।

सीमैन सावन्त बचाव कार्य में आरम्भ से ही गोताखोरी अभियान दल के सदस्य के रूप में काम कर रहे थे। समुद्र के अन्दर बहुत कम दिखाई देने, समुद्र में तूफान उठने और शार्क मछलियों के कारण गोताखोरी का काम बहुत कठिन तथा खतरनाक था । 24 दिन तक लगातार काम करने के बाद लगभग सभी गोताखोर बुरी तरह थक जाने के कारण हार मान चुके थे। लेकिन सीमैन सावन्त ने अपना काम जारी रखा । इन्होंने दुर्घटनाग्रस्त विमान के इंच-इंच मलबे को टटोला जिससे इस्पात के तेज नुकीले किनारों से इन्हें कई जगह खरोंचें आईं तथा घाव हुए । विषम परिस्थितियों में इन सतत प्रयासों के ही फलस्वरूप समुद्र से काटपिट वाइस रिकार्डर प्राप्त हो सका ।

इस प्रकार सीमन अनन्दा सोपान सावन्त ने इस कार्यवाई में अदम्य साहस, व्यावसायिक कुशलता तथा उच्चकोटि की दृढ़ता का परिचय दिया ।

17. जी/6612, डी० एम० ई० गिरजा शंकर सक्सेना, जनरल रिजर्व इंजीनियर कोर्स (ग्रेफ) ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 7 फरवरी, 1978)

5 फरवरी, 1978 की रात जम्मू तथा कश्मीर में अभूतपूर्व हिमपात हुआ । काजीगुंड की ओर जवाहर सुरंग और लोअर मुंडा के बीच का क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित था । 6 फरवरी को भारी हिमपात हुआ और यह 7 फरवरी, 1978 तक जारी रहा । इससे इस महत्वपूर्ण सड़क पर जो कश्मीर घाटी को जाने का एक मात्र मार्ग था यातायात अत्यन्त अस्त-व्यस्त हो गया । सेना और जनरल इंजीनियर फोर्स के वाहनों के अलावा खाद्य सामग्री से भरे ट्रक और 1200 से अधिक यात्री जो बसों में यात्रा कर रहे थे, लोअर मुंडा और जवाहर सुरंग के बीच, जमा देने वाली ठंड में बिना किसी खाने और रहने की व्यवस्था के फंस गए थे। इन यात्रियों और वाहनों को सुरक्षित जगह तक ले जाने के लिए यह बहुत आवश्यक था कि सड़क से बर्फ हटाई जाए । डी एम ई गिरजा शंकर सक्सेना को अपनी बर्फ काटने की मशीन के साथ इस काम पर लगाया गया । अपने निजी आराम की बिलकुल परवाह न करते हुए इन्होंने सतत हिमपात और अंधा कर देने वाले बर्फानी तूफान में रात-दिन काम करके सड़क साफ करने का काम पूरा किया । अपने अथक प्रयासों के कारण ही ये निर्धारित समय से पहले ही सड़क साफ करने में समर्थ हुए जिससे फंसे हुए वाहन अपने-अपने गंतव्य स्थानों पर पहुंच सके ।

इस कार्यवाई में डी एम ई गिरजा शंकर सक्सेना ने अनुकरणीय साहस दृढ़ता और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

18 सैकेण्ड लेफ्टिनेन्ट रवि बालकृष्ण पाटिल (आई० सी० 34492) (मरणोपरांत)
सिख लाइट इन्फैन्ट्री ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 3 मार्च, 1978)

सैकेण्ड लेफ्टिनेन्ट रवि बालकृष्ण पाटिल 3 मार्च, 1978 की शाम को 55 अप फास्ट पसेंजर रेल गाड़ी से कानपुर से फतेहगढ़ लौट रहे थे। गाड़ी के एक कम्पार्टमेंट में वे अकेले ही थे। लगभग 8 बजे रात मनी मउ स्टेशन पर गाड़ी लगभग 12 मिनट के लिए रुकी। जैसे ही गाड़ी स्टेशन से चली, चार बदमाश जिनके पास चाकू थे. इनके कम्पार्टमेंट में चढ़े और इन्हें लूटने की कोशिश करने लगे। सैकेण्ड लफ्टिनेंट पाटिल इससे भयभीत नहीं हुए और अपने समीप वाले बदमाश को धर पकड़ा और उसी की आड़ में दूसरे बदमाशों के साथ लड़ते रहे । ऐसी विषम परिस्थिति में इन्होंने साहस नहीं खोया और ये अकेले ही इन बदमाशों का लगभग 10 मिनट तक मुकाबला करते रहे। इस गुत्थमगुत्थी में उन पर चाकू के 23 घाव लगे जिससे उनकी एक नस कट गई और दिल में संघातक चोट पहुंची । इनके शरीर से काफी खून निकल गया और अन्ततः ये नीचे गिर गए । इस समय गाड़ी कन्नोज स्टेशन पर पहुंच रही थी ।

इस प्रकार सैकेण्ड लेफ्टिनेंट रवि बालकृष्ण पाटिल ने अदम्य साहस और उच्च कोटि के दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

19. जी०-135658 श्री बाबू सिंह, सुपरिटेन्डेन्ट बिल्डिंग रोड़-II जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स (ग्रेफ)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 18 मार्च, 1978)

17/18 मार्च, 1978 को हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में प्रचंड तूफान आया और उसके बाद निरन्तर मूसलाधार वर्षा और भारी हिमपात हुआ । इसके कारण हिन्दुस्तान तिब्बत रोड पर विभिन्न जगहों पर विशाल हिम-खण्ड और भारी चट्टानें गिरीं । इससे जोरी से कैरिक तक का संपूर्ण सड़क मार्ग बुरी तरह टूट-फूट जाने से उसका राज्य के अन्य भागों से संबंध टूट गया । इसके परिणामस्वरूप सैनिक और सिविलियन जनता के लिए रसद आदि पहुंचाने

के लिए यातायात व्यवस्था और सैनिक टुकड़ियों और अन्य कर्मियों की आवाजाही एकदम रूक गई । इसलिए सड़क को तुरन्त साफ करना अत्यन्त आवश्यक हो गया था।

उस क्षेत्र में कई विशाल हिम-खण्ड और चट्टानें टूट कर नीचे आ पड़ी थी । उस क्षेत्र के इंचार्ज श्री बाबू सिंह ने उक्त सड़क साफ करने का काम संभाला । ये निरन्तर घटनास्थल पर मौजूद रहे और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना, उपलब्ध साधन जुटाते हुए स्वयं कार्य का निरीक्षण करते रहे । इनके साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा से इनके साथ काम कर रहे कर्मियों में आत्मविश्वास पैदा हुआ जिससे सड़क की सफाई का काम बस दिन में ही पूरा हो गया, जबकि इस काम पर पूरा एक माह लग सकता था।

इस प्रकार श्री बाबू सिंह ने साहस, नेतृत्व तथा उच्च-कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

20. जी-47478 ओ० ई० एम० रंगास्वामी
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स (ग्रेफ)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 18 मार्च, 1978)

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में 17/18 मार्च, 1978 की रात को तूफान आने और फिर मूसलाधार वर्षा और भारी हिमपात के कारण 300 से 500 किलोमीटर तक की सड़क बन्द हो गयी थी । विभिन्न स्थानों पर बड़े-बड़े हिम-खण्डों के गिरने और भारी भूस्खलन से सारे मार्ग पर यातायात ठप्प हो गया था और फौजों का तथा अन्य कर्मियों का आना-जाना और सिविल आबादी के लिए रसद आदि की सप्लाई पूरी तरह रुक गई थी । कुछ स्थानों पर, जहां अभी लगातार बड़े-बड़े पत्थर गिर रहे थे, सड़क को साफ करने का काम बहुत कठिन और जोखिमपूर्ण था।

श्री रंगा स्वामी, ओ० ई० एम० को अपने डोजर से उन जगहों पर सड़क साफ करने के लिए भेजा गया । ऐसी खतरनाक स्थिति में जब कि ऊपर से बड़े-बड़े पत्थर गिर रहे थे, इन्होंने खतरे की परवाह न करते हुये सड़क साफ करने का काम जारी रखा । यह इनके निर्भीक प्रयासों का फल था कि सड़क को 12 दिन के अंदर ही यातायात के खोल दिया गया, जिसमें अन्यथा एक महीना लग जाता।

इस कार्रवाई में ओ० ई० एम० श्री रंगा स्वामी ने दृढ़ साहस, दृढ़ता और उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

1. जी० ओ० 278 श्री राम प्रकाश,
एक्जिक्यूटिव इंजीनियर, (सिविल)
जनरल रिजर्व इंजीनियर फार्स (ग्रेफ)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 19 मार्च 1978)

17/18 मार्च, 1978 को हिमाचल प्रदेश का किन्नौर इलाका तेज तूफान की चपेट में आगया और इसके बाद वहां लगातार मूसलाधार वर्षा और भारी हिमपात हुआ । फलतः विभिन्न जगहों पर विशाल हिमखण्ड टूट कर गिरने लगे और भारी चट्टानें सरकने लगी । जोरों से कैरिक तक का संपूर्ण सड़क मार्ग राज्य के शेष भाग से अलग पड़ गया जिससे इस पूरे क्षेत्र में सड़क संचार व्यवस्था ठप्प हो गई और सैनिकों तथा सिविलियन जनता को सामान पहुंचाने में भारी रुकावट आ गई । इससे सेना की टुकड़ियों और जी० आर० ई० एफ० के कर्मियों की आवाजाही पर भी असर पड़ा।

19 मार्च, 1978 को प्रातः लगभग 1.30 बजे अचानक ही एक विशाल हिमखण्ड सड़क निर्माण कंपनी (जी० आर० ई० एफ०) के कैम्प के पास से होता हुआ नीचे की ओर गया और चार गाड़ियों तथा एक सतरी सहित चैक पोस्ट को अपने साथ बहा ले गया । हिम खण्ड के गिरने की आवाज को सुन कर एक्जिक्यूटिव इंजीनियर (सिविल) और सड़क निर्माण कंपनी के कमांडिंग आफीसर श्री राम प्रकाश अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े और वहां अपनी यूनिट तथा स्थानीय आर्मी यूनिट के अफसरों और कर्मियों की सहायता से बचाव कार्य शुरू किया । इस प्रकार ठीक समय पर की गई कार्रवाई से, इन्होंने चार गाड़ियों वस्त्र और विस्फोटक सहित सारा सरकारी सामान बचा लिया।

टेलीफोन संचार व्यवस्था अस्तव्यस्त हो गई थी, इसलिए अन्य यूनिटों पर हुए भूस्खलन के बारे में तुरंत सूचना नहीं मिल सकती थी । श्री राम प्रकाश ने आठ विशाल हिम-खण्डों को पार करते हुए जगह जगह भूस्खलन के बावजूद तीन दिन में जोरी से पूह तक 124 किलोमीटर की दूरी पैदल चलकर तय की । इन्होंने स्थिति का जायजा लेकर, उपलब्ध साधनों से हिम-खण्डों और भू-स्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में अपने आदमियों को काम पर लगाया और स्वयं काम की देख-रेख की । इस प्रकार उस क्षेत्र में महत्वपूर्ण संचार व्यवस्था को फिर से कायम करने का काम 18 दिन में ही पूरा कर दिखाया, जब कि सामान्य रूप से यह काम दो से तीन महीने में पूरा हो पाता।

इस प्रकार श्री राम प्रकाश ने असाधारण साहस, पहल-शक्ति, नेतृत्व तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

22. फ्लाइंग अफसर सुधीर कुमार मिल्ला (14084)
फ्लाइंग (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 4 अप्रैल, 1978)

4 अप्रैल, 1978 को फ्लाइंग अफसर सुधीर कुमार मिल्ला एक सुपरसोनिक विमान में प्रशिक्षण उड़ान पर गए । उड़ान भरने के लगभग 30 मिनट बाद जब वे हवाई अड्डे से लगभग 120 नौटिकल मील की दूरी पर पहुंचे तो इनके विमान के विद्युत यंत्र बिलकुल बन्द हो गए । विमान की हाई फ्रिक्वेन्सी/टेलीफोन यन्त्रों ने भी अचानक काम करना बन्द कर दिया । कुछ ही मिनटों में बिजली के दूसरे यंत्र भी बन्द हो गए । उस समय ये रेगिस्तानी क्षेत्र के ऊपर से उड़ रहे थे

और इनके पास कोई रेडियो/टेलीफोन संचार-संपर्क अथवा दिशा निर्देशन वाला कोई यंत्र नहीं रह गया था । भूमि से दिशा का कोई पता नहीं चल रहा था । कुतुबनुमा (कम्पास) की सहायता से जोकि इनके पास एक मात्र दिशासूचक यंत्र रह गया था, ये साहसपूर्वक अपने अड्डे की ओर वापस मुड़े । बिजली बन्द हो जाने से सहायक टंकी के पट्रोल का उपयोग करना भी असंभव हो गया था । पैट्रोल मापक यंत्र भी काम नहीं कर रहा था । इसलिए कम से कम समय में उन्हें उड्डे पर उतरना बहुत जरूरी हो गया था । विमान की इलेक्ट्रिक ट्रिमल प्रणाली भी काम नहीं कर रही थी इसलिए इन्हें विमान के अगले भाग में गुरुत्व केन्द्र लाकर ट्रिम के रास्ते नीचे उतरने के लिए तैयार होना पड़ा ।

अड्डे के पास पहुंचने पर फ्लाइंग अफसर सिह्ना ने उतरने के लिए अपने विमान को नीचे किया तो देखा कि आगे का पहिया एक तरफ को झुका हुआ है । एक तरफ झुके हुए पहिये के साथ विमान को उतारने का परिणाम कितना खतरनाक हो सकता है, इस बात की पूरी जानकारी रखते हुए भी फ्लाइंग अफसर सिन्हा ने विमान उतारने का फैसला किया और विमान को हवाई पट्टी पर उतरते ही तत्काल उसे रोक दिया। इस प्रकार इन्होंने एक बहुमूल्य विमान को नष्ट होने से बचा लिया ।

इस कार्रवाई में फ्लाइंग अफसर सुधीर कुमार सिह्ना ने महान साहस दृढ़ता और उच्चकोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया ।

23. लेफ्टिनेन्ट कमांडर हरिदास मेघजी गोरी, एन० एम०
(00452 ए०)
भारतीय नौसेना :

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 18 जून, 1978)

18 जून, 1978 को सुबह होने से भी पहले पश्चिमी नौसेना कमान मुख्यालय को टोकियो से दुबई जाने वाले एक व्यापारी जहाज़ अल-हादा से संदेश मिला कि उसमें एक व्यक्ति की हालत बहुत नाजुक है और उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाना आवश्यक है । जहाज ने बम्बई बन्दरगाह से बाहर लगभग 15 मील दूर प्रोंग रीफ लाइट के पश्चिम में लंगर डाल दिया था । लैफ्टिनेंट कमांडर हरिदास मेघजी गोरी को उस रोगी को वहां से निकालने के आदेश दिए गए । मौसम बहुत ही खराब था, मुसलाधार मानसूनी वर्षा और तेज हवा के कारण लगभग 500 गज की दूरी तक कुछ नहीं दिखाई देता था । ऐसी स्थिति में जबकि उपलब्ध एलाउट हैलीकाप्टर पर दिशासूचक उपकरण सीमित मात्रा में थे, लेफ्टिनेंट कमांडर गोरी ने उड़ान भरी और व्यापारी जहाज़ का पता लगा लिया ।

व्यापारी जहाज पर हेलीकाप्टर को उतारने के लिए कोई उपयुक्त जगह नहीं थी और फिर तूफान के कारण जहाज के हिलते-डुलते रहने से हेलीकाप्टर को उतारना और भी कठिन था । वे स्थिति की गम्भीरता को अच्छी तरह समझते और उसके निहित खतरे की परवाह न करते हुये उन्होंने जहाज पर उतरने का फैसला किया । बड़ी सूझबूझ का परिचय देते हुए इन्होंने अपने हेलीकाप्टर का संचालन करके उसे डेक के एक छोटे भाग में उतारा और रोगी को वहां से निकाल कर भारतीय नौसैनिक जहाज़ कुजली पर ले जाए जहां से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया ।

इस कार्य में लेफ्टिनेंट कमांडर हरिदास मेघजी गोरी ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ता और असाधारण व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया ।

24. जी/44544 ओ० ई० एम० सूरत सिंह,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स (ग्रेफ)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 7 अगस्त, 1978)

जुलाई, 1973 के अंतिम सप्ताह में अभूतपूर्व और लगातार वर्षा होने के कारण ऋषिकेश-जोशीमठ सड़क पर कई जगहों पर बड़ी दरारें पड़ गई थीं जिनसे जिला चमौली और बद्रीनाथ के बीच सड़क यातायात ठप्प हो गया था । चमौली (उत्तर प्रदेश) जिले में घोलतिर के पास सड़क सबसे अधिक खराब थी क्योंकि 31 जुलाई, 1978 को भारी भूस्खलन से यहां पर सड़क बिलकुल बंद हो गई थी । इस जगह पर सड़क साफ करने के अलावा भूस्खलन में दबी एक बस भी बाहर निकालनी थी । ऊपर से बड़े-बड़े पत्थरों के लगातार गिरते रहने से सड़क साफ करने का काम और भी अधिक जोखिमपूर्ण था ।

4 अगस्त, 1978 को सीमा सड़क मुख्यालय के कृतिक दल के ओ० ई० एम० सूरत सिंह को आदेश मिला कि ये अपने डोज़र को लेकर सड़क साफ करने के लिए उक्त स्थान पर जायें । दृढ़ निश्चय और अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए श्री सूरत सिंह ने यह दायित्व स्वीकार किया । इन्होंने 6 अगस्त को सुबह से काम शुरू किया और फिर बिना विश्राम के 7 अगस्त, 1978 की शाम तक सड़क आम यातायात के लिए खोलने में वे सफल हो गए ।

इस कार्रवाई के दौरान इनके डोज़र के दोनों ओर भारी पत्थर और मलबा गिरने से ये कई बार बीच में फंस गए थे लेकिन बड़ी सूझ-बूझ से इन्होंने मलबा साफ किया और उसमें बाहर निकल आए । 7 अगस्त, 1978 को दिन के लगभग साढ़े ग्यारह बजे जब ये डोज़र चला रहे थे तो अचानक एक बड़ी चट्टान डोजर की सीध में नीचे खिसकनी शुरू हुई । ऐसी विकट स्थिति इन्होंने डोज़र से छलांग लगाकर जान बचाने की बजाए डोज़र को सुरक्षित स्थान की तरफ इस तरह मोड़ा कि ये और इनका डोज़र दोनों ही बच गए ।

इस कार्रवाई में ओ० ई० एम० सूरत सिंह ने अदम्य साहस, व्यावसायिक कुशलता, दृढ़ता और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

2. श्री मायाधर साहु,
वार्डर जजपुर सब-जेल,
जिला-कटक (उड़ीसा)
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 9 अगस्त, 1978)

श्री मायाधर साहूअन्य दो वार्डरों के साथ 9 अगस्त, 1978 की रात को ड्यूटी पर तैनात थे। उस रात पाच ऐसे कैदी जिन पर डकैती का मुकदमा चल रहा था और दो अन्य सजायाफ्ता अपराधी लोहे की सलाखों को तोड़कर भाग निकले। उस समय श्री मायाधर साहू के साथी वार्डर वहा पर हाजिर नही थे। सभी कैदियों ने मुख्य दरवाजे से भागने का प्रयत्न किया परन्तु दरवाजे की चाबिया श्री साहू के पास थीं। कैदियों को भागने से रोकने के लिए श्री साहू बिना किसी हथियार के अकेले ही उनसे भिड़ गए लेकिन कैदियों ने अन्ततः इन्हें दबोच लिया और लोहे के सलाखों से इनके सिर पर वार किए जिस उनकी मत्यु हो गयी।

उक्त घटना के दौरान श्री मायाधर साहू ने महान साहस, दृढ़ता और असाधारण कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

26. स्क्वाड्रन लीडर फ्रांसिस जान विलियम्स (7441)
फ्लाइंग (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 3 सितम्बर, 1978)

स्क्वाड्रन लीडर फ्रांसिस जान विलियम्स पश्चिम बंगाल में बाढ़ सहायता कार्य में लगे हुए थे। 3 सितम्बर, 1978 को इन्हें सूचना मिली कि एक परिवार असहाय अवस्था में घास-फूस की झोपड़ी की छत पर बैठा हुआ है जो कसाई नदी की भयंकर बाढ़ से घिरी है। झोंपड़ी का एक हिस्सा पहले ही ढह चुका था और नदी मे आई बाढ़ का पानी उससे बार-बार टकराने के कारण परिवार के सदस्यों का जीवन खतरे में था और उन्हें वहां से निकालना बहुत जरूरी था। लेकिन काम बहुत जोखिम का था क्योंकि उस झोपड़ी के चारों तरफ पानी था और वृक्ष खड़े थे। फिर भी स्क्वाड्रन लीडर विलियम्स रबड़ की नौका युक्त चेतक हैलीकाप्टर में उस जगह पहुंचे। वे हेलीकाप्टर की सीढ़ियों से लटकते हुए रबड़ की नौका में आ गए जहा से इन्होंने संकटग्रस्त व्यक्ति की ओर 'विच केबल" फैंका। इन व्यक्तियों से इन्होंने इशारों में बात की और हवा भारी ट्यूब की सहायता से पहले ही प्रयास में 7 बच्चों सहित कुल असहाय व्यक्तियों को सुरक्षित उपर खींच लिया। इस तरह घिरे हुए सभी 21 व्यक्तियो को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए हैलीकाप्टर ने यही क्रिया तीन बार दोहराई।

इस कार्य मे स्क्वाड्रन लीडर फ्रांसिस जान विलियम्स ने महान साहस, दृढ़ता और उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

27. 1538922 सैपर हरबंस सिंह,
इंजीनियर्स
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 4 सितम्बर, 1978)

दिल्ली में बाढ़ के दौरान यमुना के पूर्वी तट पर स्थित तीन गांवों के निवासियों को बाढ़ से निकालने का काम 4 सितम्बर, 1978 को इंजीनियर रेजिमेंट की एक टुकड़ी को सौंपा गया था। सूबेपुर गाव के बाढ़ से घिरे लोगों को निकालने के लिए लगाई गई नौका के चालकों में सैपर हरबंस सिंह भी शामिल थे? सायं 5.30 बजे महिलाओं और बच्चों को ला रही एक नाव एक भीषण लहर की चपेट में आ गई। इससे नाव में सवार लोग आतंकित हो उठे। वे सब नाव की एक ओर आ गए और कुछ पानी मे कूद गए। नाव उलट गई और उस पर सवार सभी लोग नदी में गिर गए। सैपर हरबंस सिंह तत्काल बच्चो को पानी से निकाल कर वापस उसी नौका में चढ़ाने लगे जिससे अन्य चालकों ने सीधा कर दिया था। इन्होंने तीन जाने बचाई और अन्य लोगों को बचाने के लिए ये तैर कर डूबती हुई महिलाओं और बच्चों की तरफ बढ़े। उन सबने अपनी जान बचाने के लिए हताश होकर सैपर हरबंस सिंह को पकड़ लिया। सैपर हरबंस सिंह ने इन लोगों को सुरक्षित स्थान पर लाने का भरसक प्रयास किया। परन्तु बुरी तरह से थक जाने के कारण वे नौका तक नही पहुंच सके और डूब गए।

इस कार्रवाई में सैपर हरबंस सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

28 जी/55453 ड्रिलर गेंदा राम,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स (ग्रेफ)
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 25 सितम्बर, 1978)

18 और 19 सितम्बर, 1978 की भारी वर्षा में उत्तर सिक्किम राजमार्ग का लगभग 76 मीटर लम्बा भाग बिलकुल बह गया था। इस सड़क को पुन. चालू करना अत्यंत आवश्यक था और यह कार्य पहाड़ी को काट कर एक नई सड़क बनाने से ही किया जा सकता था। इस जगह पर पहाड़ बहुत कच्चा होने के कारण पहाड़ी को काटने का कार्य बहुत जोखिम भरा था। परन्तु इस जोखिम की परवाह न करते हुए ड्रिलर गेंदा राम पहाड़ी को काटने के लिए स्वेच्छा से तैयार हो गए।

25 सितम्बर, 1978 को जब ड्रिलर गेंदा राम पहाड़ी को काटने में व्यस्त थे तो एक भारी चट्टान खिसक कर नीचे की ओर आई और अपने साथ उन्हे भी नीचे घाटी मे ले गई। जब वे भारी पत्थरों के साथ लुढ़क रहे थे तब भी उन्होंने अपना होश-हवास नही खोया था और लुढ़कते शिलाखंड से अपने आपको बचाने का भरसक प्रयास किया। उनका यह प्रयास असफल रहा और बाद में मस्तिष्क रक्तस्राव से उनकी मृत्यु हो गई। उन्हें बचाने के लिए अच्छी से अच्छी चिकित्सा की व्यवस्था की गई परन्तु उन्हें नही बचाया जा सका।

इस प्रकार ड्रिलर गेंदा राम ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-निश्चय और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1979

सं० 17-प्रेज/79 राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्ति को वीरता के लिये "शौर्य चक्र का बार" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

जी०/59320 ओ० इ० एम० भगवान सिंह
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स (ग्रेफ)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 7 फरवरी 1978)

5 और 7 फरवरी, 1978 जम्मू और कश्मीर में भारी हिमपात हुआ । हिमपात का सब से ज्यादा असर जवाहर सुरंग और लोअर मुंडा के बीच काजीगुंड की ओर 30 किलोमीटर सड़क पर पड़ा । इस प्रकार यातायात बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया और जवाहर सुरंग तथा लोअर मुंडा के बीच बसों में यात्रा कर रहे 1200 से भी अधिक यात्री बिना ठिकाने और खाने के असहाय हालत में कड़कड़ाती सरदी में ठिठुरते रहे । सेना तथा जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स की माल से लदी बहुत सी गाड़ियां भी रास्ते में ही घिरी हुई थी । इन गाड़ियों तथा यात्रियों को सुरक्षित जगह पहुंचाने के लिए सड़क को साफ कर उसे यातायात योग्य बनाने का काम ओ० इ० एम० भगवान सिंह को सौंपा गया । ये अपनी बरफ साफ करने की मशीन से इस काम में जुट गए । कार्य जोखिमपूर्ण होने पर भी ओ० ई० एम० भगवान सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बगैर और लगातार हिमपात तथा बर्फानी तूफानों के बीच दिनरात काम करके एक रिकार्ड समय में सड़क को यातायात योग्य बना दिया । इस प्रकार उनके अथक प्रयास से घिरे हुए यात्री तथा गाड़ियाँ अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच सकी ।

इस कार्रवाई में ओ० ई० एम० भगवान सिंह ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

खेम राज गुप्ता,
राष्ट्रपति के उप-सचिव

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 9 अप्रैल 1979

संकल्प

सं० एफ०—20016/2/78—समन्वय—वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) के दिनांक 30 अक्तूबर 1978 के संकल्प सं० एफ०—20016/2/78—समन्वय में एतद्द्वारा निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :—

(क) वर्तमान प्रविष्टि (I) (क) के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी :—

(i) (क) अध्यक्ष-उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री

(ख) वर्तमान प्रविष्टि (vi) के बाद निम्नलिखित जोड़ा जाएगा :—

(vi) विशेष सचिव (पुनरीक्षण याचिका)

(ग) वर्तमान प्रविष्टि सं० (vii), (viii), (ix) तथा (x) को पुनर्संख्यांकित करके क्रमशः (viii), (ix), (x) तथा (xi) कर दिया जाएगा ।

(घ) पुनर्संख्यांकित प्रविष्टि (xi) के बाद निम्नलिखित जोड़ा जाएगा :—

(xii) अतिरिक्त सचिव (पुनरीक्षण याचिका)

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक एक प्रतिलिपि राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक, लेखा महा नियंत्रक, महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों, प्रेस सूचना कार्यालय, मुख्य लेखा नियंत्रक, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा सीमा शुल्क बोर्ड, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क/सीमा शुल्क के सभी समाहर्ताओं, नार्कोटिक्स आयुक्त और सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क सलाहकार परिषद् के सभी सदस्यों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाय ।

एम० वेंकटरमन, अपर सचिव

वाणिज्य, नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय

(नागरिक पूर्ति और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 2 अप्रैल 1979

संकल्प

सं० आर० 11013 (3)/77 समन्वय—भारत सरकार के खाद्य कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय (सहकारिता विभाग) के 16 नवम्बर 1966 के संकल्प संख्या 5-67 66-यू०टी०बी० एण्ड० सी० में सहकारी विकास से सम्बन्धित नीतियां बनाने तथा उन्हें कार्यान्वित करने के बारे में भारत सरकार को सलाह देने के लिये 2 वर्ष की अवधि के लिये एक सलाहकार समिति गठित की गई थी । यह समिति समय-समय पर पुनर्गठित की गई और पिछली पुनर्गठित सलाहकार परिषद का कार्यकाल 21 मार्च, 1977 को समाप्त हुआ । तब से इस मंत्रालय में इस परिषद के पुनर्गठन पर विचार किया जा रहा था । अब केन्द्रीय सहकारिता परिषद् का पुनर्गठन करने का निर्णय किया गया है, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

1. श्री मोहन धारिया — अध्यक्ष
वाणिज्य नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री,
नई दिल्ली ।

2. श्री कृष्ण कुमार गोयल, — उपाध्यक्ष
वाणिज्य, नागरिक पूर्ति और सहकारिता
मंत्रालय, में राज्य मंत्री, नई दिल्ली ।

3. सदस्य, (कृषि), योजना आयोग,
नई दिल्ली ।

4. सचिव, नागरिक पूर्ति और सहकारिता
विभाग, नई दिल्ली ।

5. सचिव, कृषि और ग्राम विकास विभाग
नई दिल्ली ।

6. अतिरिक्त सचिव,
ग्राम विकास विभाग,
नई दिल्ली ।

7. सचिव, वित्तीय कार्य
विभाग, नई दिल्ली ।

8. वित्तीय सलाहकार,
नागरिक, पूर्ति और सहकारिता
विभाग, नई दिल्ली ।

9. उप गवर्नर,
रिजर्व बैंक आफ इंडिया,
नई दिल्ली ।

10. अध्यक्ष,
भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ,
नई दिल्ली ।

11. अध्यक्ष, अखिल भारतीय राज्य
सहकारी बैंक संघ मर्यादित,
बम्बई ।

12. अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कृषि
सहकारी विपणन संघ मर्यादित,
नई दिल्ली ।

13 अध्यक्ष,
राष्ट्रीय सहकारी भूमि विकास बैंक
संघ मर्यादित, बम्बई ।

14. अध्यक्ष,
राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ मर्यादित,
नई दिल्ली ।

15. अध्यक्ष,
राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना
संघ मर्यादित, नई दिल्ली ।

16. अध्यक्ष,
राष्ट्रीय औद्योगिक सहकारी समिति, संघ, मर्यादित
नई दिल्ली ।

17. अध्यक्ष,
राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ मर्यादित,
नई दिल्ली ।

18. अध्यक्ष,
अखिल भारतीय सहकारी कताई मिल संघ मर्यादित,
बम्बई ।

19. अध्यक्ष,
भारतीय राष्ट्रीय सहकारी डेरी, संघ, नई दिल्ली ।

20. अध्यक्ष,
अखिल भारतीय हथकरघा वस्त्र विपणन सहकारी समिति मर्यादित,
नई दिल्ली ।

21. अध्यक्ष,
राष्ट्रीय शहरी सहकारी बैंक तथा ऋण समिति संघ मर्यादित,
नई दिल्ली ।

22. श्री तात्या साहेब कोरे
वारना नगर, जिला कोल्हापुर
(महाराष्ट्र) ।

23. श्री कमल देव नारायण, सिन्हा,
सर्वोदय आश्रम, डाकघर, रानी पत्रा-854337
जिला पूर्णिया (बिहार) ।

24 श्री विश्वनाथ पुरी
परगीत गंज, कपूरथला (पंजाब) ।

25 श्री पी० एस० राजगोपाल नायडू
सकारा निलायम
8-ए०, त्यागराजापुरम, एक्सटेंशन,
नार्थ आरकोट, वेल्लौर-632001

26. संयुक्त सचिव
नागरिक पूर्ति और सहकारिता विभाग
(प्रभारी-बहु राज्य सहकारी समिति अधिनियम)
नई दिल्ली ।

2. सहकारिता संबंधी वाणिज्य, नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति के कार्यकारी दल के सदस्य परिषद की बैठकों में स्थायी आमंत्रित होंगे ।

3. परिषद के विचारार्थ विषय निम्नलिखित होंगे :—

(i) सरकार को देश में सहकारी विकास से संबंधित व्यापक नीति मामलों के बारे में सलाह देना ;

(ii) सहकारी विकास से संबंधित नीतियों के कार्यान्वयन में राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं की भूमिका पर विचार करना और उनके कार्यों तथा गतिविधियों के दृष्टिकोण में एकरूपता लाना ; और

(iii) बहु-राज्य सहकारी समितियों की प्रगति और कार्य का पुनरीक्षण करना ।

4. परिषद की बैठक जितनी बार आवश्यक होगी उतनी बार बुलाई जा सकेगी ।

5. परिषद का कार्यकाल 2 वर्ष होगा ।

आदेश

आदेश है कि संकल्प की प्रति सभी संबंधितों को भेजी जाये । यह भी आदेश है कि यह संकल्प आम सूचना के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

के० नारायणन, संयुक्त सचिव

संचार मंत्रालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 21 मार्च 1979

स० जे० 20016/1/75-डब्ल्यू० एफ०—यत : भारत संयुक्त राष्ट्र संघ के विशेष अधिकरण, अन्तर्राष्ट्रीय दूर संचार संघ का सदस्य है ।

यत : जिनेवा में 1977 में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय दूर संचार संघ विश्व प्रसारण उपग्रह प्रशासनिक रेडियो सम्मेलन में लिए अन्तिम निष्कर्षों के अनुसार (क्षेत्र 2 एवं 3 में) 11.7—12.2 जगाह-टेंज, और (क्षेत्र 1 में) 11.7—12.5 जगाहर्टज आवृत्ति पट्टियों में, प्रसारण उपग्रह सेवा द्वारा आवृत्तियों के प्रयोग पर एक करार हो गया है ।

अत : अब, सार्वजनिक जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि भारत सरकार ने सन् 1977 में जिनेवा में हुए विश्व प्रसारण उपग्रह प्रशासनिक रेडियो सम्मेलन के अन्तिम निष्कर्षों को जो 1 जनवरी, 1979 से प्रवृत्त होंगे, स्वीकार कर लिया है ।

बलबीर सिंह नरगम, उप वेतार सलाहकार,

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 26th January 1979

No. 15—Pres./79.—The President is pleased to approve the award of KIRTI CHAKRA to the undermentioned persons for acts of conspicuous gallantry :—

1. Kumari Bina,
daughter of Shri Yogeshwar Dayal,
Village Asauda, Police Station Hapur,
District Ghaziabad,
Uttar Pradesh.

(*Effective date of the award 27th July*, 1976)

